# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़-२४९१९९

# Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199


पत्रांकः–7229/एसडीएसयूवी/बी0एड0–2023–25/2023 दिनांकः 04 नवम्बर, 2023

**शासकीय महाविद्यालयों/शासकीय (स्ववित्त पोषित बी0एड0) महाविद्यालयों/स्ववित्त पोषित बी0एड0 निजी शिक्षण संस्थानों हेतु बी0एड0 प्रवेश अधिसूचना सत्र 2021–23**

विश्वविद्यालय के शासकीय महाविद्यालयों/शासकीय (स्ववित्त पोषित बी0एड0) महाविद्यालयों की प्रथम वरियता सूची हेतु प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ किये जाने हेतु विश्वविद्यालय की बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2023–25 में सफल हुये (विश्वविद्यालय विवरणिका के अनुसार सामान्य वर्ग/ओ0बी0सी0 के अभ्यर्थी को प्रत्येक प्रश्न पत्र में पृथक–पृथक 40 प्रतिशत अंक तथा आरक्षित वर्ग (एस0सी0 एवं एस0टी0) के अभ्यर्थी के प्रत्येक प्रश्न पत्र में पृथक–पृथक 27 प्रतिशत अंक अर्हता के लिये अनिवार्य हैं) बी0एड0 सत्र 2023–25 में प्रवेश हेतु मैरिट के आधार पर प्रवेशार्थियों की औपबन्धिक सूची जारी की जा रही है। समस्त शासकीय महाविद्यालय/शासकीय स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित बी0एड0 निजी शिक्षण संस्थान उन अभ्यर्थियों की जिन्होंने ऑनलाईन काउन्सलिंग आवेदन किया है, अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश प्रकिया निम्न आधार पर प्रारम्भ करें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | **शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन** | – | **4 नवम्बर, 2023 से 8 नवम्बर, 2023 (प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक)** |
| 02 | **सत्यापन के बाद वरियता सूची का प्रकाशन** | – | **दिनांक 8 नवम्बर, 2023 (सांय 05:00 बजे तक)** |
| 03 | **प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि** | – | **दिनांक 16 नवम्बर, 2023** |

अतः उपरोक्त समस्त शासकीय महाविद्यालयों/शासकीय (स्ववित्त पोषित) महाविद्यालयों/बी0एड0 निजी स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में बी0एड0 सत्र 2023–25 प्रवेश हेतु प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्तानुसार सम्बन्धित महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु गठित प्रवेश समिति के समक्ष मूल अभिलेखों के सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित शासकीय महाविद्यालय/शासकीय (स्ववित्त पोषित) महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित बी0एड0 निजी शिक्षण संस्थानों हेतु गठित प्रवेश समिति द्वारा पूर्णतः अर्ह पाये जाने एवं मूल प्रमाण पत्रों की जांच कर ही आपका प्रवेश मान्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी उक्त तिथि तक प्रवेश नहीं लेता है तो उसका प्रवेश स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा और उस वर्ग के अन्तर्गत मैरिट के आधार पर अगली वरियता वाले अभ्यर्थी को अवसर दे दिया जायेगा।

**बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2023–25 में प्रवेश हेतु आवश्यक मूल प्रमाण पत्र :–**

1. बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2023–25 का स्कोर कार्ड।
2. काउन्सलिंग हेतु आवेदन पत्र भरने की कॉपी या काउन्सलिंग हेतु आवेदन शुल्क रसीद।
3. समस्त शैक्षिक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
4. प्रवजन प्रमाण पत्र।
5. राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत दो चरित्र प्रमाण पत्र।
6. मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण पत्र।
7. कहीं किसी प्रकार की सेवा में (अंशकालिक या पूर्णकालिक) सेवारत हों तो अपने विभाग के सक्षम अधिकारी से कार्यभार मुक्ति प्रमाण पत्र।

8. अन्तिम संस्था से इस आशय का प्रमाण पत्र कि अभ्यर्थी वर्तमान में कहीं भी अध्ययनरत नहीं है।
9. बाह्य राज्य के अभ्यर्थियों हेतु स्थानीय पुलिस द्वारा सत्यापन की प्रति।
10. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडी जाति, स्वयं भूतपूर्व सैनिक, स्वतन्त्रता संग्राम सैनानियों के आश्रित एवं विकलांग अभ्यर्थी जो उक्त श्रेणियों के अन्तर्गत आते हैं, हेतु जिलाधिकारी /उपजिलाधिकारी/सैनिक कल्याण बोर्ड/मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार होगें।
11. अधिभार अंक (WATITAGE) प्राप्ति हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।
12. आधार कार्ड की मूल प्रति।

अतः आप उपरोक्तानुसार औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरान्त शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन हेतु दिनांक 08 नवम्बर, 2023 तक इच्छुक महाविद्यालय/संस्थान में अवश्य करा लें तथा दिनांक 15 नवम्बर, 2023 तक महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश ले लेंवे। अधिभार (WATITAGE) सम्बन्धी अंकों के प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की दशा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात आपका प्रवेश स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा, जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।
नोट– प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना आवश्यक होगा तथा साथ ही सभी शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित फोटो कॉपी साथ लांये। किसी भी प्रवेशार्थी का अभिलेख गलत एवं अधूरा/अस्पष्ट पाया जाता है तथा जो प्रवेशार्थी अधिभार (WATITAGE) सम्बन्धी अंको की पुष्टि में निर्धारित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करेगा तो ऐसे अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। समस्त अभ्यर्थियों को अलग से सन्देश भी उनके मोबाईल पर भेजा जा रहा है।

**संलग्न–सूची।**

**(के0 आर0 भट्ट),**
**कुलसचिव।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त शासकीय (स्ववित्त पोषित बी0एड0) महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित बी0एड0 निजी संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के दावों के सत्यापन हेतु प्रवेश समिति गठित कर काउन्सलिंग हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से विश्वविद्यालय की बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023–25 में सफल हुये अभ्यर्थियों को बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2023 की मेरिट के साथ–साथ NCTE द्वारा निर्देशित मानदंडों/नियमों और बी0एड0 प्रवेश की न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को वरियता के अनुसार अपने महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश देना सुनिश्चित करें।
2. प्राचार्य/निदेशक, बी0एड0 निजी शिक्षण संस्थानों को इस आशय के साथ कि आपके संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु तैयार की गयी प्राभूत (एफ0डी0आर0) की मूल प्रति कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय ने नाम बंधक कर शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराते हुये फैकल्टी का अनुमोदन भी कराना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
4. वित्त अधिकारी।
5. सहायक कुलसचिव, वित्त/प्रशासन।
6. सहायक परीक्षा नियन्त्रक व्या0/मु0।
7. श्री गजेन्द्र रावत को इस आशय के साथ कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. कार्यालय प्रति।

**(के0 आर0 भट्ट),**
**कुलसचिव।**